भागवत कथा का शुभारंभ

रतनगढ़, (निसं)। सप्त दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ कलश शोभायात्रा से हुआ कलश यात्रा शिवाजी सेवा संस्थान बगीची से अशोक स्तंभ होते हुए श्री ताल वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आकर धर्म सभा में परिवर्तन हो गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं माथे पर मंगल कलश लिए संकीर्तन करते हुए चल रही थी। कलश यात्रा में भगवान श्री कृष्ण राधा की संजीव झांकी भी नृत्य करते हुए साथ चल रही थी। भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कथावाचक राधादासी कोमल किशोरी ने धर्मोपदेश दिया कि भागवत कथा भक्ति ,ज्ञान व वैराग्य का संगम है । यह मानव को निष्काम भक्ति के भाव से जोड़ती है । जब तक भगवान की कृपा जीव पर नहीं होती है, तब तक भागवत कथा नहीं हो सकती।अनेकानेक जन्मों का जब पुण्य उदय होता है तो कथा का आयोजन होता है।भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है इसको सुनने से मन के विकार दूर होकर मानव को सत्यमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कथा के दौरान मां भगवती की संजीव झांकी दिखाई गई।कथा शुरू होने से यजमान सुशील कुमार गौड़ ने सपत्नीक व्यास भागवतजी की पूजा की।

विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां ने किया हॉस्पीटल का शिलान्यास

सादुलपुर, (निसं) राजस्थान क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष एवं सादुलपुर विधायक पदश्री डॉ. सिद्धमुख में मरूधरा सेवा संस्था ट्रस्ट द्वारा संचालित मरूधरा आई हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर का शिलान्यास किया। ट्रस्ट प्रबंधकों ने कहा कि अब सिद्धमुख में ही जयपुर दिल्ली जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी तथा करोड़ों रुपए की मशीनें लगेगी। विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने दोनों ही भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जमीन ट्रस्ट को तिलोकाराम सेठ ने दान की है, जो पूरे क्षेत्र के लिए खुशी की बात है। विधायक ने मनीष अग्रवाल का जिक्र करते हुए सिद्धमुख के दानदाताओं का आभार प्रकट किया। साथ ही मनीष अग्रवाल सीएचसी और सरकारी कॉलेज बना रहे हैं इनका भी जिक्र किया गया। इस अवसर पर धर्मवीर पचार एसएसएम हॉस्पीटल जयपुर, सरपंच महावीर प्रसाद जांगिड, चौधरी करतार टांडी, राजेन्द्र प्रसाद सोनी, सरपंच रामसिंह कस्वा, बीडीसी प्रतिनिधि ठेकेदार राजेन्द्र खुडिया, पूर्व सरपंच रामकुमार सिहाग, ताम्बा खेड़ी सरपंच बलवीर मेहरा, गौवर्धन लाल सोनी, विनोद अग्रवाल, डॉ. संजय कुमार कुलडिया, ओमप्रकाश जांगिड, संजय महला, जयवीर महला, मोहर सिंह रणवा, मानसिंह चाहर, मुन्शीराम देवर्थ, रामफल महला, ओमप्रकाश सुबेदार, राजगढ नगर अध्यक्ष पवन सैनी, ताराचन्द पूनियां, सिद्धमुख तहसीलदार बबीता ढिलो, सिद्धमुख एसएचओ दलीप कुमार घनघस, ट्रस्ट सदस्य दीपचन्द वैद्य, महेश कुमार इन्दोरिया, बंटी इन्दोरिया, असगर अली कुरेशी, एसएमएस होस्पीटल कार्मिक सतपाल किरोड़ीवाल आदि गाँव के प्रमुख नागरिक मौजूद थे।

मरूधरा आई हॉस्पीटल एवं रिसर्च सेंटर का शिलान्यास विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां ने किया।

हमले में कार्रवाई की मांग

चूरू, (का.सं.)। राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने राजकीय महाविद्यालय नागौर के शिक्षकों पर छात्रसंघ अध्यक्ष एवं उसके साथियों द्वारा जानलेवा हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अविलम्ब कानूनी कार्रवाही की मांग की है।

संगठन के महामंत्री डॉ सुशील कुमार बिस्सू ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि 21 सितंबर को श्री बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय नागौर के असिस्टैंट प्रोफेसर जगदीश झींझा एवं अविनाश व्यास पर महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष वासुदेव बांता एवं उसके साथियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। घटना के समय महाविद्यालय में परीक्षा चल रही थी, जिसमें विद्यार्थियों को नकल करने से रोकने पर महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष वासुदेव बांता द्वारा महाविद्यालय परिसर में शिक्षक साथियों को धमकी दी गई व उत्तर पुस्तिकाओं को पैक करने में व्यवधान डाला तथा वीडियो बनाकर परीक्षा की गोपनीयता को भंग करने का प्रयास किया। इस प्रकार उन्होंने राजकार्य में बाधा पहुँचाई।

कलश यात्रा 6 को

चूरू, (का. सं.)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधि रामसिंह राठौड़ ने कहा है कि भारतीय संस्कृति की जड़ गायत्री है। राठौड़ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चूरू गायत्री शक्ति पीठ में 6 से 9 अक्टूबर तक होने वाले 108 कुण्डीय नव चेतना जागरण श्री गायत्री महायज्ञ के संबंध में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। राठौड़ ने कहा कि गायत्री परिवार का मूल उद्देश्य व्यक्ति, परिवार और समाज निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म प्रेम है। राठौड़ ने कहा है कि अपने जीवन को यज्ञमय बनाएं। उन्होंने कहा कि उपदेश देना सरल है, लेकिन उसे जीवन में उतारना कठिन है। कार्यक्रम में राजेन्द्रसिंह शेखावत गायत्री परिवार सीकर ने बताया कि महिलाओं द्वारा संचालित होने वाला पहल यज्ञ है, जो चूरू में आयोजित होगा। शेखावत ने बताया कि 4 अक्टूबर को सायं 4 बजे इन्द्रमणि पार्क से गायत्री शक्तिपीठ तक विश्व शांति रैली निकाली जाएगी। इसी कड़ी में 6 अक्टूबर को दोपहर दो बजे गायत्री शक्तिपीठ से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में 21 सौ कलश होंगे। यहां 7 अक्टूबर को 9 अक्टूबर तक प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार सम्पन्न करवाएं जाएंगे। संत स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज वेदांती अठापीठाधीश्वर रेवासा धाम का प्रवचन भी होगा।

'लोगों को योजनाओं का लाभ मिले'

चूरू, (का. सं.)। जिला स्तरीय बैंकर्स समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर सिहाग ने कहा कि बैंक अधिकारी कस्टमर फ्रेंडली बनें और यह सुनिश्चित करें कि सरकार की मंशा के अनुसार सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं का लाभ आमजन को मिले। उन्होंने कहा कि उद्यमिता एवं रोजगार से जुड़ी अनेक योजनाएं बैंकों से जुड़ी हुई है। इसलिए जरूरी है कि बैंकों में इन योजनाओं के लाभार्थियों और विभागों को पूरा सपोर्ट मिले और योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन हो।

आम सूचना

मेरे पुत्र खेमचंद व मेरी पुत्रवधु माया खन्ना दोनों मेरे किसी प्रकार से कहे में नही है। मैं वर्तमान में गंभीर रूप से पीड़ित हूं, जिससे मुझे भारी मानसिक परेशानी दिन-रात हो रही है। इसलिए मैं इन दोनों को आज दिनांक 27 सितंबर 2022 से मेरी चल व अचल संपति से पूर्णरूप से बेदखल करता हूं।

भंवरलाल पुत्र महेश कुमार रैगर, वार्ड नं. 37 वर्तमान वार्ड 48, सरदारशहर जिला चूरू

नाम परिवर्तन

मेरे द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम से करवाई गई पॉलिसी संख्या 501730136 में भूलवश बोलता नाम RAJKUMAR CHAHAR अंकित दर्ज करवा दिया था, जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम RAJENDRA KUMAR अंकित है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे। अगर दोनों नामों को लेकर भविष्य में कोई विवाद होता है, तो उसकी जिम्मेवारी मेरी होगी।

राजेन्द्र कुमार पुत्र भंवरलाल जाट, नैयासर, तहसील सरदारशहर।

नवरात्र में उमड़ रहा श्रद्धा का सैलाब

- दुर्गा माता मंदिर में नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन शुरु

बीदासर, (निस)। शारदीय नवरात्रा के उपलक्ष मे कस्बे के नौखा रोड़ स्थित दूर्गा माता मंदिर मे मैढ़ क्षित्रय स्वर्णकार संघ नवरात्रा महोत्सव समिति व बाल नवयुवक मण्डल के संयुक्त तत्वावधान मे होने वाली दूर्गा पूजा 2022 का नौ दिवसीय शुरू हुये विशाल धार्मिक आयोजन के तहत सोमवार को रात्रि मे प्रथम दिन ही हुई भव्य ज्योत ज्वाला महाआरती मे महिलाओं की जमकर भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रांगण महिलाओ से खचाखच भर गया। जिसके चलते पुरूषों व युवको को मंदिर के बाहर खड़े होकर आरती मे भाग लेना पड़ा। आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया गया।

महाआरती के बाद मंदिर पुजारी मनोज दाधीच ने बऊ धाम के पीठाधीश्वर संत रतीनाथ महाराज के भजनो की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दी। मंगलवार की दोपहर तीन बजे यज्ञ आचार्य पं. केदारमल शास्त्री के सानिध्य मे 15 पण्डितों के वैदिक मंत्रौच्चार के साथ नौ कुण्डिय शतचण्डी महायज्ञ शुरू हुआ। जिसमे 15 पण्डितों के साथ मुख्य यजमान बनवारी लाल टांटिया, राजेश तुनगर, विनोद कुमार नारनोली, विमल तुनगर, अनिल कडेल, संपत नारनोली, औमप्रकाश मौसुण, विक्रम नारनोली, अमित नारनोली, कालीचरण सहित 18 जोड़ो ने एक साथ यज्ञ मे आहुतियाँ दी। इस दौरान मंदिर प्रांगण मे प्रात: दूर्गा सप्तशती का पाठ भी हुआ। महाआरती मे संघ के अध्यक्ष गणपत राम मौसुण, रामेश्वरलाल तुनगर, हडमान मल सौनी, केशरीचंद सौनी, महेश कुमार टांटिया, जितेन्द्र सारस्वत सहित अनेक श्रद्धालुओ ने भाग लिया। वही कस्बे के वार्ड 6 स्थित श्रीराम चौक के बालाजी मंदिर के पास पण्डाल मे सोमवार से शुरू हुये दूर्गा पूजा महोत्सव मे रात्रिकालीन मे होने वाली महाआरती मे श्रद्धालुओ ने बढ़चढ कर भाग लिया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव का समापन

चिड़ावा, (निसं)। महाराजा अग्रसेन जयंती के दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ ही प्रतिभा सम्मान समारोह अग्रसेन धाम में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर सेशन न्यायाधीश महावीर गुप्ता थे। विशिष्ट अतिथि वाइस चांसलर श्रीधर यूनिवर्सिटी ओम प्रकाश गुप्ता, अठावाल समिति महासचिव अनुज भगेरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफ़ेसर कृष्ण मुरारी मोदी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अठासेन के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण समिति के सचिव राकेश श्राफ ने दिया। सचिव प्रतिवेदन समिति के महासचिव अनुज भगेरिया ने पढ़ा। सैंट विवेकानंद पब्लिक स्कूल, भगेरिया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद गुप्ता ने समाज की एकता पर बल दिया। समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं का प्रमाण पत्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्ण मुरारी मोदी ने भी समाज का कोई भी बच्चा अगर पढ़ना चाहता है तो उसको छात्रवृत्ति की कोई कमी नहीं रहेगी।

हादसे में बाइक सवार की मौत

झुंझुनूं, (निसं) । सदर थानान्तर्गत बीड़ में सोती बुडाना सडक मार्ग पर मंगलवार सुबह एक हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। एक निजी बुडाना ग्रामीण रूट की बस ने लापरवाही बरतते हुए बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव सोती निवासी छोटेलाल मेघवाल सुबह अपने काम के सिलसिले में बाइक से झुंझुनूं आ रहा था। तभी बीड़ में बुडाना की एक निजी बस ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छोटेलाल को बस कुचलती हुई आगे रूक गई। हादसे की सूचना के बाद सदर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं घायल को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में एंबुलेंस की मदद से ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान घायल छोटेलाल ने दम तोड़ दिया। परिजनों की रिपोर्ट के बाद मृतक का पुलिस ने मृतक छोटेलाल के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इधर मृतक परिजनों एवं ठाामीणों ने बस चालक की लापरवाही बताते हुए विरोध जताया। ठाामीणों का कहना है कि बस चालक ने लापरवाही से पीछे से टक्कर मारी है। वहीं पुलिस ने बस को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक छोटेलाल के दो संतान है। बेटा कॉलेज कर रहा है तो बेटी स्कूल में अध्ययनरत हैं। खुद मृतक छोटेलाल झुंझुनूं में कलर पेंट का काम करता था। मृतक छोटेलाल मेघवाल परिवार में अकेला ही कमाने वाला था। उसके एक पुत्र और पुत्री है जो पढ़ाई कर रहे हैं। मृतक की पत्नी भी लंबे समय से हार्ट की पेशेंट है, इस हादसे के बाद परिवार में दु:ख का पहाड़ टूट गया है, साथ ही भविष्य की भी चिंता सताने लगी है। इधर कंडम हो चुकी बसों पर पुलिस और परिवहन विभाग भी कोई विशेष कार्रवाई नहीं कर रहा है, आपको बता दें ठाामीण रूटों पर चलने वाली अधिकत्तर निजी बसें कंडम हो चुकी है बावजूद इसके बस संचालकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है।

झुंझुनूं के बुडाना सड़क मार्ग पर हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे संक्षिप्त अधिसूचना

रेलवे भर्ती कक्ष

अधिसूचना संख्या 01/2022 (उपरे / स्पोर्टस / खुला विज्ञापन)
(यह भर्ती केवल खिलाड़ियों के लिए है)

अधिसूचना संख्या 01/2022 (उपरे/ स्पोर्टस / खुला विज्ञापन) के द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्पोर्टस कोटा 2022-23 के अन्तर्गत खुले विज्ञापन के तहत **खिलाड़ियों की भर्ती हेतु भारत के पात्र खिलाड़ियों से** ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन करने की प्रारंभ तिथि	26.09.2022
अंतिम तिथि	26.10.2022 समय 17.00 बजे तक।
रिक्तियों (पदों) की संख्या	21
रिक्तियों (पदों) का वर्गीकरण	01 रिक्ति तीरंदाजी में, 02 एथलेटिक्स में, 02 बैडमिंटन में, 03 बास्केट बॉल में, 02 बॉक्सिंग में, 02 क्रिकेट में, 01 क्रॉस कंट्री में, 02 साइक्लिंग में, 01 शूटिंग में, 01 वेटलिफटिंग में एवं 04 रेसलिंग में **(आवेदन करने से पूर्व रिक्तियों के पूर्ण विवरण हेतु विस्तृत अधिसूचना देखें)।**
पे पार्टिकुलर्स	पे लेवल 4/5 में 05 रिक्तियाँ एवं पे लेवल 2/3 में 16 रिक्तियाँ।
न्यूनतम योग्यताएं	स्नातक, 10+2 एवं मैट्रिक (पे लेवल के अनुसार) साथ ही विस्तृत अधिसूचना के अनुसार खेलकूद योग्यता।
आयु सीमा	18 से 25 वर्ष (दिनांक 01.01.2023 को)

विस्तृत अधिसूचना एवं आवेदन प्रपत्र हेतु कृपया रेलवे भर्ती कक्ष की वेबसाइट www.rrcjaipur.in एवं www.nwr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें|

786-AK/22 हमें /NWRailways पर फॉलो करें

शिक्षक संघ का दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन शुरू

- माता-पिता के बाद ही शिक्षक की समाज का निर्माता होता है : कच्छावा

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत शाखा झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष मंजीत चौधरी ने बताया कि जिला स्तरीय अधिवेशन परमवीर पीरू सिंह विद्यालय झुंझुनूं में आयोजित हुआ।

जिसमें मुख्य अतिथि एसपी मृदुल कच्छावा थे। अध्यक्षता एसडीएम शैलेश खैरवा ने की। विशिष्ट अतिथि डीईओ एलीमेंट्री मनोज ढाका, एडीईओ एलीमेंट्री प्रमोद आबूसरिया, एडीईओ एलीमेंट्री उम्मेद सिंह महला, अतिरिक्त परियोजना अधिकारी कमलेश तेतरवाल, प्रदेशाध्यक्ष गिरिराज शर्मा, संयोजक रेखा शर्मा, डॉ. कमलचंद सैनी, ज्वैलर्स गणेश सोनी, गौरव सैनानी प्रदेशाध्यक्ष राजपाल फोगाट, रामसिंह चौधरी आदि ने संबोधित किया। मुख्य अतिथि मृदुल कच्छावा ने कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक ही समाज का असली निर्माता होता है। जो बच्चों को संस्कार व शिक्षा देते हैं। एसडीएम शैलेश खैरवा ने कहा कि हम जो भी है। शिक्षक समाज की ही देन है। शिक्षक ही समाज का आईना है। डीईओ मनोज ढाका ने कहा कि विभाग के समस्त बकाया कार्य जो भी है। संघ की मांग पर तत्काल प्रभाव से कर दिए जाएंगे। कार्यक्रम में कमलेश तेतरवाल ने बताया कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए मातृ-शक्ति को आगे आना होगा। प्रदेश अध्यक्ष गिरीराज शर्मा ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन विजय हिंद जालिमपुरिया ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सुनील पूनियां, विनोद जांगिड, सुनील गोठवाल, सुमित्रा पूनियां, जमुना झाझड़िया, सुमन बुगालिया आदि ने सरकार से तबादला नीति की मांग को पुरजोर रखी गई। संगठन की ओर से मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

भगत सिंह की जयंती मनाई

सादुलपुर, (निस)। शहीदे आजम भगत सिंह के सम्मान में क्रांति का झंडा जय वीर सिंह टांडी ने फहराया एवं शहीद को मालार्पण सतीश मेघवाल के द्वारा करवा कर सभी ने शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

इस मौके पर वेदपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश शहिद भगत सिंह की फिर से आवश्यकता महसूस करने लगा है। संयोजक जगत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा की मौजूदा सरकार बीमा कम्पनी के माध्यम से किसानों का शोषण करवाकर पूँजिपतियों को इस मालामाल करवाने पर आमादा है। उन्होंने जिसके लिए किसानों को संगठित होकर बीमा कम्पनी के विरोध में संघर्ष करने के लिए तैयारी करने पर जोर दिया। इस मौके पर मालाराम मुहाल, कृष्ण भाकर, भरतसिंह ढाका, सोहनलाल, माईराम साहरण, उदयभान लाखलाण, दीपक कड़वासरा, दीपू ख्यालिया, रणसिंह नरवासी, रणसिंह झाझड़िया, मालाराम राजपूत आदि मौजूद थे।

'अक्षर के साथ कानूनी का ज्ञान भी दें'

चूरू, (का.सं.)। आम आदमी बुनियादी कानून की जानकारी के अभाव में न्यायालय तक नहीं पहुंच पाता है और वह शोषण और उत्पीड़न का शिकार होकर अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाता है।

इसलिए साक्षरता मित्र अपने क्षेत्र के असाक्षर लोगों को जब अक्षर ज्ञान करवाएं तो उन्हें बुनियादी कानूनों की जानकारी भी दें ताकि आवश्यकता पड़ने पर आम आदमी न्यायालय की शरण लेकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सके। ये विचार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे प्रमोद बंसल ने व्यक्त किये। वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री संबल योजनान्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में मंगलवार को आयोजित स्नातक युवा इण्टर्नशिप कार्यशाला में साक्षरता मित्रों को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि जिला रोजगार अधिकारी वर्षा जानू ने अपने उदबोधन में साक्षरता मित्रों को सलाह दी कि वे ईमानदारी और परिश्रम से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पेनल अधिवक्ता राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने कानूनी साक्षरता की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए बालश्रम, बालविवाह, दहेज प्रथा, महिला व बुजुर्ग उत्पीड़न के विरूद्ध सरकार द्वारा बनाये गये कानूनों की जानकारी दी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा किये जा रहे जन हित के कार्यों के बारे में बताया। साक्षरता अभियान के ब्रांड अम्बेसेडर ममता रांकावत, प्रियंका प्रजापत और रोहित शर्मा ने अपने कार्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए क्षेत्र में हुए अपने अनुभवों का साझा किया। कार्यशाला के प्रारम्भ में जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश फगेड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यालय ग्राम पंचायत साडासर पंचायत समिति सरदारशहर (चूरू)

क्रमांक :- 75 दिनांक 23.09.2022

निविदा सूचना संख्या 01/2022-23

ग्राम पंचायत में साडासर में 15वां/14वां वित्त आयोग अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस प्रकार का कार्य करने वाले इच्छुक जी एस टी रजिस्ट्रड फर्म अपनी दरें दिनांक 06.10.2022 को दोपहर 2.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदा उसी दिन उपस्थित निविदा दाता के समक्ष दोपहर 3.00 बजे खोली जावेगी। यदि निविदा खोलने की दिनांक को कोई राजकीय अवकाश हो, तो निविदा अगले दिवस में खोली जावेगी। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक के प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा की संपूर्ण जानकारी SPP portal पर देखी जा सकती है।

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	सिंगल फैज टयूबवेल निर्माण उप स्वास्थ्य केन्द्र हरदेसर	150000.00	3000.00	500/-

धरोहर राशि के डी डी/निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डीडी/बैंकर्स चैक एवं दस्तावेज भौतिक रूप से कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा करवाने की दिनांक	दिनांक 06.10.2022 तक 2.00 बजे तक

(कविता) सरपंच
ग्राम पंचायत साडासर, पं.स. सरदारशहर

प्रधानाचार्य ने कार्यभार संभाला

सादुलपुर, (निस)। ग्रामीण क्षेत्र में गाँव कांधराण के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य पद पर राजपाल स्वामी ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण किया। तत्पश्चात विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासियों की ओर से प्रधानाचार्य स्वामी का साफा पहनाकर एवं मिठाईयां खिलाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कान्ता ने की व मुख्य अतिथि राजपाल स्वामी प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य अर्जूनराम निमड़ थे। इस अवसर पर सुल्तानसिंह निमड़, यासीन खाँ पीटीआई, जयप्रकाश जांगीड़, रामनिवास पूनियां, रणवीर राव, संजय राव, श्रीचन्द राव व.अ., रमेश धायल, महेन्द्र स्वामी, संदीप कुमार पूनियां, धर्मवीर टाक अ., सत्यवीर राव पीटीआई, रामसिंह भगत, पुरूषोतम बलौदा व.अ. सहित सभी ग्रामवासियों ने प्रधानाचार्य स्वामी का साफा पहनाकर व मिठाईयां खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अर्जूनराम निमड़, मनरूप टाडा व प्रधानाध्यापिका कान्ता ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की उन्नती व शिक्षा के क्षैत्र एवं खेल के क्षैत्र में ग्रामवासियों से सहयोग की अपिल की।

आर.जे.एस. में चयनित शिखा शर्मा का अभिनन्दन

चूरू, (का. सं.)। चूरू बालिका महाविद्यालय में राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित महाविद्यालय की पूर्व छात्रा शिखा शर्मा का अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रबंध समिति के सचिव भागीरथ शर्मा, प्राचार्य आशा कोठारी, प्रबंध समिति के सदस्य राजेश मण्डावेवाला, विमल सिंह राठौड़, प्रोफेसर सचिन शर्मा एवं छात्राओं द्वारा शिखा शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्राचार्य आशा कोठारी ने आर.जे.एस. शिखा शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि बड़े गर्व की बात है कि ये इसी महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रही है, आज समर्पण, त्याग, लगन, परिश्रम, लक्ष्य और व्यक्ति की उपलब्धियों का अभिनन्दन है। शिखा शर्मा ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी रूचि के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करनी चाहिए। व्यक्ति दृढ़ निश्चिय के साथ लक्ष्य तय कर सीमित संसाधनों में भी अपना मुकाम हासिल कर सकता है साथ ही माता-पिता, गुरु का सम्मान करें, दूसरों की मदद करें, अच्छे मित्रों की संगत में रहें तो हम निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करने में आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने बताया कि चूरू बालिका महाविद्यालय महिला शिक्षा को बढ़ावा देने वाला एक आदर्श महाविद्यालय है, जहां छात्राओं को बिना किसी भेद-भाव के उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा आर.जे.एस. शिखा शर्मा को प्रतीक चिन्ह, शॉल व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रोफेसर कविता पंसारी, रवीन्द्र कुमार लाटा व डॉ. मंसूर अली द्वारा शिखा शर्मा के परिवारजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सचिव द्वारा मंचस्थ अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थे। संचालन प्रोफेसर ज्योत्सना सोनी ने किया।

चूरू बालिका महाविद्यालय में राजस्थान न्यायिक सेवा में चयनित महाविद्यालय की पूर्व छात्रा शिखा शर्मा का अभिनन्दन किया।

किसानों ने ज्ञापन सौंपा

सादुलपुर, (निस)। किसानों ने स्पेशल गिरदावरी व फसल कटाई प्रयोग दुबारा से कराने की माँग को लेकर मंगलवार को एसडीएम राजगढ को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने बताया कि खरीफ 2022 की फसल के फसल कटाई प्रयोग हमीरवास बड़ा के पटवार मंडल हमीरवास छोटा में प्रयोग करने के बाद बीमा कंपनी के अधिकारियों ने सरदारपुरा गांव में प्रयोग नहीं किए एवं अब अत्यधिक वर्षा होने के कारण किसानों की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चूकी है। जिसको लेकर किसानों ने स्पेशल गिरदावरी व फसल कटाई प्रयोग दुबारा से कराने की माँग की। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम राजगढ निखिल पोद्दार को ज्ञापन सौंप कर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 24 घण्टे बाद भी विशेष गिरदावरी के आदेश नहीं हुए तो पँचायत के किसान एसडीएम कार्यालय के अन्दर धरने पर बैठेंगे, जिस पर उपखण्ड अधिकारी निखिल पोद्दार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उच्च अधिकारियों से बातचीत करके दुबारा सर्वे करवा देंगे। इस अवसर पर कामरेड नरेंद्र सिंह हमीरवास बड़ा, प्रवीण सरदारपुरा, इन्द्र सिंह व निहाल सिंह आदि प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत आसपालसर बड़ा पंचायत समिति सरदारशहर (चूरू)

क्रमांक :- दिनांक.....

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत आसपालसर बड़ा (पंचायत समिति सरदारशहर) में 15वा वित्त आयोग अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्य के लिए मय डिफेक्ट लाईबिलिटी 02 वर्ष की अवधि के जो निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों सेई-टैण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1	टयूबवैल निर्माण रा मा वि खेल मैदान में आसपालसर बड़ा	934000.00	18680.00	500/-

ऑनलाईन फार्म डाउनलोड/अपलोड करने की तारीख	दिनांक 23.09.2022 से 04.10.2022 तक दोपहर 12.00 बजे तक
धरोहर राशि के डीडी/निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डीडी/बैंकर्स चैक एवं दस्तावेज भौतिक रूप से कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा करवाने की दिनांक	दिनांक 04.10.2022 तक 2.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक	04.10.2022 को सांय 4.00 बजे

निविदा संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्तें कार्यालय ग्राम पंचायत में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है एवं वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत आसपालसर बड़ा
पंचायत समिति, सरदारशहर

सरपंच
ग्राम पंचायत आसपालसर बड़ा
पंचायत समिति, सरदारशहर